# कल्चरल फेस्ट में प्रस्तुतियों ने मोहा मन

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

मल्टीडिसिप्लीनरी यूनिवर्सिटी यूपीईएस का तीन दिवसीय कल्चरल फेस्ट ऊर्जा धूमधाम से सम्पन्न हो गया। इस दौरान यूपीईएस परिसर आर्ट, क्रिएटिविटी और एंटरटेनमेंट का हब बना रहा। फेस्ट में डांस, म्यूजिक, थिएटर व विंटेज थीम पर आधारित गतिविधियों के बेहतरीन प्रस्तुति ने समा बांध दिया।

यूपीईएस में इवेंट का शुभारंभ संगत कौशल से हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने जादुई प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। रेट्रो थीम सोलो कैटेगरी से लेकर रोमांचक बैटल आफ बैंड्स तक विभिन्न प्रकार की संगीत प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस दौरान प्रतिभाओं ने रैप, रॉक, बीट बक्सिंग और सदियों पुरानी आर्ट फार्म बास्किंग में अपना कौशल दिखाया। कल्चरल फेस्ट का मुख्य आकर्षण गायक व गीतकार दर्शन रावल की प्रस्तुति रही। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

वहीं सोलो डांस प्रतियोगिता, स्ट्रीट-स्टाइल डांस शो डाउंस और ग्रुप डांस बैटल्स को भी सराहा गया। फेस्ट के दौरान 1950 और 1960 के दशक के दौरान के नुक्कड़ नाटक और रेट्रो-थीम पर आधारित थिएटर ने दर्शकों को बीते समय की याद दिला दी। फेस्ट में मिस्टर व मिस ऊर्जा प्रतियोगिता भी हुई जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी खूबसूरती के साथ ही अपने व्यक्तित्व से भी लोगों को प्रभावित किया।



मिस्टर व मिस ऊर्जा के खिताब हासिल करने वाले प्रतिभागी।

प्रतियोगिता का समापन विजेताओं को टाइटल्स प्रदान करने के साथ हुआ, जिसमें गौतम मनचंदानी को मिस्टर ऊर्जा व वृशाली वैष्णव को मिस ऊर्जा के खिताब से नवाजा गया। इसके अलावा बालीवुड के चाहने वालों का भी ध्यान रखा गया और शोले, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, ये जवानी है दीवानी जैसी क्लासिक फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। फेस्ट में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।